समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Saturday, 17 October 2026

अजमेर से पीएम मोदी ने ₹16 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

राजेश चौधरी

Published on 28 Feb 2026

[illegible] [illegible] | [illegible] | [illegible] [illegible] [illegible]

आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने धर्मनगरी अजमेर से राजस्थान के लिए ₹16 हजार करोड़ से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं को राज्य के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा दी गई ये सौगातें राजस्थान के समग्र विकास को नई गति प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश में सड़क, ऊर्जा, जल, परिवहन एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा, जिससे आमजन को सीधा लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से राजस्थान तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर है। ये विकास कार्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने में भी सहायक सिद्ध होंगे।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.